DAINIK JAGRAN, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

एलपीएस ने छीनी जीत

लखनऊ, 16 नवंबर (संवाद सूत्र) : क्विज के आधे समय तक 20-30 से पिछड़ने के बाद लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शानदार वापसी की और देहरादून की टीम को 55-30 से मात देते हुए विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। मौका था टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आईटी विज-2010, लखनऊ के क्षेत्रीय फाइनल का। संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में आयोजित प्रतियोगिता में आईआईएम के निदेशक डॉ. देवी सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

मंगलवार को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से चुनी गई टीमों का क्षेत्रीय फाइनल हुआ। इस दौरान प्रतियोगियों से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन, सूचना उद्योग, टीसीएस, इंटरनेट, साफ्टवेयर उत्पाद व ब्रांड, समानांतर कम्प्यूटिंग व ग्रिड कंप्यूटिंग पर सवाल पूछे गए। वीडियो लिंक के माध्यम से टीसीएस के सीईओ एन चंद्रशेखरन ने भी प्रतिभागियों से सवाल पूछे। कई दौर के सवाल जवाब के बाद लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के रोहित कश्यप व स्वप्निल को विजेता घोषित किया गया।

एलपीएस को ट्राफी देते देवी प्रसाद और यूपीटीयू के कुलपति प्रो. कृपाशंकर